दिन– शनिवार दिनांक– 03/01/2026

प्रसार भारती
(भारत का लोक सेवा प्रसारक)
प्रादेशिक समाचार एकांश
आकाशवाणी, पटना

प्रसारणः– प्रातः 08.48 बजे से। अवधिः– 15 मिनट

---

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे।

02. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला।

03. उत्तराखंड सरकार की एक मंत्री के पति द्वारा राज्य की लड़कियों के खिलाफ दिये गये आपत्तिजनक बयान पर बिहार राज्य महिला आयोग ने लिया संज्ञान। उत्तराखंड सरकार से कार्रवाई की मांग की।

04. और, प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में कड़ाके की ठंढ़ और घने कोहरे से जनजीवन अस्त–व्यस्त। दृश्यता अत्यंत कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

———————————————————

प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उदघाटन करेंगे। प्रधानमंत्री कार्यालय ने एक बयान में कहा है कि पिपरहवा अवशेषों का वर्ष अठारह सौ अंठानवे में पता चला था और प्रारंभिक बौद्ध धर्म के पुरातात्विक सर्वेक्षण में इसका महत्वपूर्ण स्थान है। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

———————————————————

उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की आधारशिला रखेंगे। इसके साथ ही न्यायिक अधिकारियों के लिए विकसित किये गये प्रौद्योगिकी सक्षम, न्याय व्यवस्था की शुरूआत करेंगे। इधर, न्यायमूर्ति सूर्यकांत पटना जिले के पुनपुन प्रखंड के पोठही में बिहार न्यायिक अकादमी के नये परिसर के लिए भूमि पूजन समारोह में भी शामिल होंगे। भारत के प्रधान न्यायाधीश पटना के चाणक्या नेशनल लॉ विश्वविद्यालय के दीक्षांत समारोह में टॉपर छात्र–छात्राओं को सम्मानित करेंगे। वहीं, वीडियो कांफ्रेंस से गयाजी स्थित न्यायाधीश अतिथि गृह का उद्‌घाटन भी करेंगे।

———————————————————

रक्षा मंत्री राजनाथ सिंह ने कहा है कि उच्च शिक्षित व्यक्तियों और पेशेवर लोगों का राष्ट्र और समाज के खिलाफ गतिविधियों में शामिल होना चिंताजनक है। राजस्थान

के उदयपुर में एक कार्यक्रम में श्री सिंह ने कहा यदि किसी व्यक्ति में मानवीय मूल्यों और राष्ट्रीय प्रतिबद्धता का अभाव है, तो केवल उच्च शिक्षा प्राप्त करना पर्याप्त नहीं है।

———बाईट———

धर्म और नैतिकता से विहीन शिक्षा समाज के लिए उपयोगी नहीं होगी और कभी—कभी घातक भी यह सिद्ध हो जाती है और साथियों शायद यही कारण है कि शिक्षित लोग भी आपराधिक गतिविधियों पर लिप्त पाए जाते हैं। आज व्हाइट कॉलर टेररिज्म जैसी चिंताजनक प्रवृत्तियां देशवासियों के सामने आ रही हैं जहां अत्यंत शिक्षित लोग समाज और राष्ट्र के विरूद्ध कार्य कर रहे हैं। हाल ही में जो बम बलास्ट हुआ था दिल्ली में वह करने वाला कौन था डॉक्टर थे।

———————————————————————————

केन्द्रीय स्वास्थ्य और परिवार कल्याण मंत्री जे पी नड्डा ने बताया कि विश्व स्वास्थ्य संगठन औषध निगरानी योगदान में भारत वैश्विक स्तर पर अब आठवें स्थान पर है जबकि दस वर्ष पहले यह एक सौ तेईसवें स्थान पर था। श्री नड्डा ने नई दिल्ली में औषध मानकों के बारे में भारत की आधिकारिक पुस्तक इंडियन फार्माकोपिया दो हजार छब्बीस के दसवें संस्करण के विमोचन के असवर पर यह बात कही।

———बाईट———

फार्माकोविजिलेंस जो हमारा था सिस्टम उसकी ग्लोबल रैंकिंग 2009—2014 (अंग्रेजी) और आप इसी तरीके से आगे बढ़िए हमारे को अपने रेगुलेटरी स्टैंड्स को क्रेडिबल बना करके ग्लोबली अलाइंड करके चलने की आवश्यकता है।

———————————————————————————

केन्द्रीय कृषि और किसान कल्याण मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कहा है कि किसानों की आय बढ़ाना केंद्र सरकार की मुख्य प्राथमिकता है। श्री चौहान ने नासिक में एक कार्यक्रम को संबोधित करते हुये कहा कि किसानों के कल्याण के लिए कई योजनाएं लाई गई हैं।

———बाईट———

किसानों को एक नहीं अनेकों मौके मिलेंगे हमारा लक्ष्य है। अभी हमारे किसानों ने रिकॉर्ड उत्पादन किया है। एक उत्पादन बढ़े और हमारे किसानों की आय भी तेजी से बढ़े। हमारा देश और तेजी गति से आगे बढ़े और मेरे किसान, गांव के भाई—बहन, मेरी ग्रामीण दीदियां हैं वो और समृद्ध हों।

———————————————————————————

केन्द्रीय कैबिनेट सचिव टी. वी. सोमनाथन ने कहा है कि प्रधानमंत्री के प्रमुख कार्यक्रम **प्रगति** ने बड़ी परियोजनाओं को लागू करने की दिशा में तेजी लाने का काम किया है। नई दिल्ली में प्रगति की पचासवीं बैठक के बाद श्री सोमनाथन ने कहा कि यह प्रणाली दस वर्ष से चल रही है।

———बाईट———

प्रगति का उद्देश्य केंद्र—केंद्र तथा केंद्र—राज्य समन्वय को बेहतर बनाना है, ताकि उन महत्वपूर्ण अवसंरचना परियोजनाओं को तेज़ी से आगे बढ़ाया जा सके जो विभिन्न समस्याओं और बाधाओं का सामना कर रही हैं।

———————————————————————————

उत्तराखंड की बाल विकास मंत्री, के पति द्वारा राज्य की लड़कियों के खिलाफ दिये गये आपत्तिजनक बयान पर बिहार राज्य महिला आयोग ने संज्ञान लिया है। मामले में उत्तराखंड सरकार से कार्रवाई करने की मांग की है। आयोग की अध्यक्ष अप्सरा ने बताया कि उत्तराखंड सरकार को आरोपी के खिलाफ की गई कार्रवाई की सूचना भी देने का निर्देश दिया गया है।

————————————————————

पाटलिपुत्र–गोरखपुर एक्सप्रेस ट्रेन अब सप्ताह में केवल दो दिन रद्द रहेगी। इससे पहले घने कोहरे के कारण ट्रेन को सप्ताह में चार दिन रद्द करने का फैसला किया गया था। पूर्व मध्य रेलवे के मुख्य जनसंपर्क अधिकारी सरस्वती चंद्र ने बताया कि यात्रियों को हो रही परेशानी को देखते हुए यह ट्रेन एक फरवरी तक प्रत्येक मंगलवार और शुक्रवार को रद्द रहेगी। शेष दिनों में ट्रेन का परिचालन सामान्य रूप से होगा। इधर, पूर्व मध्य रेलवे ने उत्तर प्रदेश में आज से शुरू हो रहे अर्द्ध कुम्भ माघ मेले के लिए गया जंक्शन से प्रयागराज तक स्पेशल मेमू ट्रेन का परिचालन शुरू किया है। यह ट्रेन मेला अवधि तक चलेगी।

————————————————————

भारत की विकास यात्रा में वर्ष दो हजार पच्चीस एक निर्णायक कालखंड था। इस वर्ष की नीतियों से प्रगति को नई दिशा मिली और इरादों के सार्थक परिणाम मिले। विशेष श्रृंखला सुधारों का वर्ष में प्रस्तुत है– दो हजार पच्चीस के दौरान वित्त क्षेत्र में भारत की प्रगति पर। एक रिपोर्ट–

———रिपोर्ट———

————————————————————

प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में कड़ाके की ठंढ़ पड़ रही है। आज सुबह से ही पटना, वैशाली, सारण, गोपालगंज, सीतामढ़ी, शिवहर, मधुबनी, सुपौल, अररिया, किशनगंज, औरंगाबाद और गया समेत राज्य के उनतीस जिलों में कहीं मध्यम और कहीं घना कोहरा छाया हुआ है। मौसम विभाग के अनुसार अगले अड़तालीस घंटों के दौरान औसत तापमान में एक से तीन डिग्री सेल्सियस तक की बढ़ोतरी होने की संभावना है। उसके बाद अधिकतम और न्यूनतम तापमान में एक बार फिर एक से लेकर तीन डिग्री सेल्सियस तक की गिरावट आ सकती है।

———बाइट———

इधर, पिछले चौबीस घंटों के दौरान सहरसा का अगवानपुर राज्य का सबसे ठंडा स्थान रहा, जहां का न्यूनतम तापमान पांच दशमलव एक डिग्री सेल्सियस दर्ज किया गया।

———————————————————————

इधर, घने कोहरे के चलते दृश्यता अत्यंत कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित हुआ है। लम्बी दूरी की कई रेलगाड़ियां अपने निर्धारित समय से काफी देर से चल रही हैं। पटना, दरभंगा और पूर्णिया हवाई अड्डे से कई उड़ाने रद्द कर दी गयी हैं और कई उड़ानों को रिशेड्यूल किया जा रहा है। इधर, रेल यातायात पर भी असर पड़ा है। कल नई दिल्ली—राजेन्द्र नगर तेजस राजधानी एक्सप्रेस अपने निर्धारित समय से पन्द्रह घंटे की देरी से पटना पहुंची। सम्पूर्ण क्रांति और अमृत भारत एक्सप्रेस ट्रेन भी तेरह घंटे की देरी से अपने गंतव्य पर पहुंची। पटना हवाई अड्डे से नौ विमानों के परिचालन में देरी हुई।

———————————————————————

कड़ाके की ठंड को देखते हुये पटना जिला प्रशासन ने पांच जनवरी तक सभी सरकारी और निजी विद्यालयों में कक्षा पांच तक पठन—पाठन कार्य को बंद करने का आदेश दिया है। ऊपर की कक्षाओं भी बदले हुये समय से ही संचालित होंगी।

———————————————————————

राज्य के गन्ना उद्योग विभाग ने छोटे गुड़ उत्पादकों को प्रोत्साहन योजना का लाभ देने का निर्णय लिया है। विभाग के अपर मुख्य सचिव के. सेंथिल कुमार ने बताया कि इससे गुड़ उत्पादन में वृद्धि होगी। मुख्य सचिव ने कहा कि गन्ना फसल की बढ़ोत्तरी के लिए तीन हजार किसानों को दूसरे राज्य में भेजकर प्रशिक्षण दिलाया जायेगा। उन्होंने कहा कि प्रदेश में नई चीनी मिल की स्थापना का प्रयास भी किया जा रहा है।

———————————————————————

निगरानी अन्वेषण ब्यूरो की टीम ने नवादा जिले के अकबरपुर थाना में तैनात पुलिस अवर निरीक्षक प्रमोद कुमार को पच्चीस हजार रुपये रिश्वत लेते हुए रंगे हाथ गिरफ्तार कर लिया। आरोप है कि दरोगा एक आपराधिक मामले में केस डायरी में मदद करने और अभियुक्तों की गिरफ्तारी नहीं करने के एवज में रिश्वत की मांग कर रहा था।

———————————————————————

उपमुख्यमंत्री सम्राट चौधरी आज गोपालगंज का दौरा करेंगे। इस दौरान श्री चौधरी थावे मंदिर में पूजा अर्चना करेंगे। साथ ही मिंज स्टेडियम में आयोजित अखिल भारतीय विधार्थी परिषद के अधिवेशन को संबोधित करेंगे।

———————————————————————

भाजपा के प्रदेश अध्यक्ष और दरभंगा सदर के विधायक संजय सरावगी ने मैथिली अकादमी को फिर शुरु किये जाने का अनुरोध किया है। श्री सरावगी ने इसके लिए मुख्यमंत्री नीतीश कुमार को पत्र लिखा है।

———————————————————————

भागलपुर के जिलाधिकारी डॉक्टर नवल किशोर चौधरी की अध्यक्षता में विक्रमशीला महोत्सव के आयोजन को लेकर बैठक आयोजित की गई। बैठक में तेरह, चौदह और पन्द्रह मार्च को विक्रमशिला महोत्सव के आयोजन का निर्णय लिया गया है।

———————————————————————

अब पटना से प्रकाशित प्रमुख समाचार पत्रों की सुर्खियां.......

आज के सभी समाचार पत्रों ने अलग–अलग खबरों को प्रमुखता से प्रकाशित किया है।

हिन्दुस्तान ने मुख्यमंत्री नीतीश कुमार के हवाले से लिखा है– बेहतर ढंग से चलाये पार्टी का सदस्यता अभियान।

दैनिक जागरण की बड़ी खबर है– केन्द्र सरकार का सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स को अश्लील और गैर–कानूनी कंटेंट हटाने का निर्देश।

प्रभात खबर ने मौसम से जुड़ी खबर पर लिखा है– पिछले वर्ष दो हजार पच्चीस दिसम्बर में दिन का तापमान पांच सालों में सबसे कम।

दैनिक भास्कर की विशेष रिपोर्ट है – राज्य के हर विभाग में साईबर सिक्योरिटी सेल होगा, जिससे साईबर हमले ओर डेटा ब्रीच रूके।

———————————————————————

और अब अंत में मुख्य समाचार, एक बार फिर.......

01. प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी आज नई दिल्ली में भगवान बुद्ध से संबंधित पवित्र पिपरहवा अवशेषों की भव्य अंतरर्राष्ट्रीय प्रदर्शनी का उद्‌घाटन करेंगे।

02. उच्चतम न्यायालय के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत आज पटना उच्च न्यायालय परिसर में कई परियोजनाओं की रखेंगे आधारशिला।

03. उत्तराखंड सरकार की एक मंत्री के पति द्वारा राज्य की लड़कियों के खिलाफ दिये गये आपत्तिजनक बयान पर बिहार राज्य महिला आयोग ने लिया संज्ञान। उत्तराखंड सरकार से कार्रवाई की मांग की।

04. और, प्रदेश के अधिकतर क्षेत्रों में कड़ाके की ठंढ़ और घने कोहरे से जनजीवन अस्त–व्यस्त। दृश्यता अत्यंत कम होने के कारण सड़क, रेल और हवाई यातायात प्रभावित।

———————————————————————————

इसके साथ ही आकाशवाणी, पटना से प्रसारित प्रादेशिक समाचार का ये अंक समाप्त हुआ।

आकाशवाणी पटना से अगला समाचार बुलेटिन दोपहर दो बजे प्रसारित किया जायेगा। नमस्कार।